an>

Title: Need to revise alleged discrepancies during updation of Aadhar data..

श्री रितेश पाण्डेय (अम्बेडकर नगर) : आदरणीय अध्यक्ष महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । महोदय, राशन कार्ड को अपडेट करवाने के लिए एक नई प्रणाली शुरू हुई है, जिसमें बैंकों, पोस्ट आफिसों और कुछ चिह्नित राशन कार्ड केन्द्रों के जरिए उनका अपडेशन किया जाता है । उसमें गरीबों को, और खासतौर से मेरे संसदीय क्षेत्र अम्बेडकर नगर के लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है । उसका कारण यह है कि उनको वहां जाकर लंबी-लंबी लाइनों में लगना पड़ता है । एक बार कोई छोटा-सा चेंज करवाने के लिए, मान लीजिए कि उनके नाम की स्पेलिंग में कोई गलती है, तो उसको चेंज करवाने के लिए तीन-तीन महीने इंतजार करना पड़ता है । इसका मतलब यह है कि वे गरीब लोग सरकारी सुविधाओं से तीन महीनों के लिए वंचित हो जाते हैं, जिससे उनको बहुत भारी नुकसान उठाना पड़ता है ।

मान्यवर, मैं यह भी कहना चाहता हूं कि चाहे इन लोगों का राशन कार्ड हो, या चाहे अन्य सरकारी सुविधाएं हों, सरकार ने उनको इसी आधार कार्ड से जोड़ने का एक बड़ा प्लान बनाया है । यदि इतना समय लग जाएगा, खासतौर से गरीब और बुजुर्ग लोगों को, तो कहीं न कहीं वे इन सारी सुविधाओं से वंचित रह जाएंगे । इसलिए, मेरा सरकार और खासतौर से इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री जी से यह अनुरोध है कि वह इस विषय पर गंभीरता से सोचें और आधार कार्ड के अपडेशन की सुविधाओं को और सुचारू बनाएं, ताकि गरीब लोगों की समस्याएं हल हो सकें ।

माननीय अध्यक्ष :

श्री मलूक नागर को श्री रितेश पाण्डेय द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

मैं सभी माननीय सदस्यों से यह आग्रह करूंगा कि वे घड़ी के अनुसार एक मिनट में अपनी बात को खत्म कर दें । लेकिन मेरा यह अधिकार है कि मैं विषय को देखकर एक मिनट से भी ज्यादा का समय किसी को दे सकता हूं । लेकिन आपको अपनी बात को एक मिनट में ही खत्म करनी है ।

…(व्यवधान)